Business Bhaskar

SPML Infra ko naye order

Date: 29/08/2013 | Edition: Delhi | Page: 2 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 7 H: 11

एसपीएमएल इंफ्रा को नए ऑर्डर



नई दिल्ली • इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कंपनी एसपीएमएल इंफ्रा लिमिटेड ने कहा है कि इसने बिहार व राजस्थान से विभिन्न कार्यों के लिए 1,802 करोड़ रुपये मूल्य के नए ऑर्डर हासिल किए हैं। यहां जारी एक बयान में कंपनी ने कहा है कि यह ऑर्डर इसे साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन व राजस्थान के पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग से हासिल हुए हैं। पहले ऑर्डर के तहत कंपनी राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत बिहार के पटना व गया जिले में ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजनाओं का विकास करेगी। दूसरे ऑर्डर के तहत कंपनी राजस्थान के झालावाड़, अजमेर व भरतपुर जिलों में पानी की सप्लाई के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी। इस परियोजना से इन जिलों के 445 से ज्यादा गांवों के परिवारों को फायदा होगा।